

Ludhiana
Covid Update
New case -11
Active case -30
Home isolation -29

RNI No. PUNBIL/2014/59416

# UTURN TIME यूटर्न टाईम

UTURNTIME.COM

THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA







VOL:01 | ISSUE:97 | FRIDAY, DATE: 22-04-2022 | RS.2 | PUBLISH BY: LUDHIANA | DAILY EVENING NEWSPAPER | FOLLOW US ON @UTURNTIME

## फिल्मी-अंदाज में जली बाइक, हुई पुर्जा-पुर्जा

### एलिवेटेड रोड पर खुले बिजली के तारों से टकराने पर बाइक में लग गई आग

लुधियाना /यूटर्न / 22 अप्रैल। यहां आत्मनगर से ढोलेवाल की तरफ जाने वाले एलिवेटेड रोड के ऊपर शुक्रवार को फिल्मी-स्टंट वाले अंदाज में एक बाइक में आग लग गई। बाइक इतनी बुरी तरह जली कि उसके पुर्जे-पुर्जे अलग हो गए। मौके पर पहुंचे पुलिस मुलाजिमों को बाइक के टुकड़े इकट्ठे करा टैंपो में लादकर ले जाने पड़े। बताते हैं कि इस एलिवेटेड रोड पर यह गंभीर लापरवाही का मामला प्रताप चौक से पहले हुआ। जहां रोड डिवाइडर पर टूटे बिजली के खंबे से निकले मोटे तार खुले पड़े थे। वहां से गुजरते किसी शख्स की बाइक उन नंगे तारों से टकरा गई। जिनमें शायद करंट आ रहा था और बाइक ने आग पकड़ ली। चालक जख्मी होने के बाद किसी तरह जान बचा बाइक छोड़ एक तरफ भाग गया। हालांकि भीषण तरीके से आग लगने के कारण बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।





## दो बाइक के एक जैसे ही नंबर जारी कचहरी रोड पर पुलिस ने जब्त कीं

### टेंपररी नंबर जारी करते एजेंसी की बड़ी गलती

लुधियाना/यूटर्न/22 अप्रैल। शुक्रवार को यहां फिरोजगांधी मार्केट के साथ लगते कचहरी रोड पर एक ही नंबर की दो बाइक खड़ी नजर आते ही लोग आशंकित हो गए। किसी ने सूचित किया तो पुलिस भी फौरन हरकत में आ गई और दोनों बाइक को कब्जे में ले लिया। यहां काबिलेजिक्र है कि कोर्ट कांप्लेक्स में पिछले साल दिसंबर में हुए बम ब्लास्ट मामले के मद्देनजर इस मामले को पुलिस ने पूरी गंभीरता से लिया। जानकारी के मुताबिक कोचर मार्केट चौकी की पुलिस ने दोनों बाइक कब्जे में लेकर मामले की पड़ताल शुरु कर दी। बताते हैं कि यह बड़ी गलती या कहें लापरवाही पहली नजर में वाहन कंपनी की एजेंसी के स्तर से हुई लगती है। जहां टैंप्रेरी नंबर जारी करते समय ध्यान ही नहीं दिया गया कि दोनों बाइक पर एक जैसी अस्थाई नंबर प्लेट जारी कर दी गई हैं। वहीं, कोर्ट कांप्लेक्स की दीवार के पास जहां दोनों बाइक खड़ी थीं, पुलिस कार्रवाई के बाद वहां मौजूद लोग तरह-तरह की चर्चाएं करते नजर आए।



## दुष्कर्म मामले में बैंस समेत सभी आरोपियों पर एक और केस दर्ज

लुधियाना/यूटर्न/22 अप्रैल। स्थानीय अदालत में विचाराधीन दुष्कर्म मामले में आरोपी पूर्व विधायक सिमरजीत सिंह बैंस समेत सभी आरोपियों के खिलाफ एक और केस दर्ज हो गया है। यह केस थाना डिवीजन छह की पुलिस ने अदालती आदेश पर दर्ज किया। गौरतलब है कि पिछले साल 10 जुलाई को लोक इंसाफ पार्टी के प्रमुख व तत्कालीन विधायक बैंस व अन्य आरोपियों के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज हुआ था। अब थाना डिवीजन छह की पुलिस ने इन आरोपियों के खिलाफ एक और केस दर्ज किया है। दर्ज एफआईआर के मुताबिक पूर्व विधायक बैंस, कमलजीत सिंह, परमजीत सिंह समेत अन्य आरोपी दुष्कर्म केस में यह नया मामला ज्युडीशियल मजिस्ट्रेट फर्स्ट क्लास श्रीमती सिमरनजीत कौर के आदेश पर दर्ज किया गया है। आरोपी दुष्कर्म मामले में अदालत में हाजिर नहीं हुए थे, उसी लिए इनके खिलाफ यह कानूनी कार्रवाई की गई है।



### मौसम के तेवर तल्ख, कल भी रहेगा



पसरा सन्नाटा...जीटी रोड पर चांद सिनेमा के नजदीक हाइवे से दोपहर में इक्का-दुक्का वाहन ही गुजरते नजर आए।
*-फोटो: मुनीष वशिष्ठ*

### गर्मी से परेशान लोग अब जलसंकट से बेहाल

## ईडब्ल्यूएस कॉलोनी के खफा लोगों ने रोष मार्च निकालकर निगम दफ्तर घेरा

### तपती सड़क पर प्रदर्शन में महिलाएं और बच्चे भी शामिल

लुधियाना / यूटर्न / 22 अप्रैल। समय रहते समस्या हल नहीं करने में 'माहिर' नगर निगम प्रशासन के लिए अब शहर में पेयजल संकट मुसीबत बनने वाला है। दरअसल ईडब्ल्यूएस कॉलोनी में कई दिनों से पेयजल की सप्लाई ठप होने से भड़के लोग शुक्रवार को सड़कों पर उतर आए। उन्होंने रोष मार्च निकाला, जिसमें भीषण गर्मी के बावजूद तपती सड़क पर महिलाओं और बच्चों ने भी शिरकत की।

यह रोष मार्च टैक्सटाइल हौज़री कामगार यूनियन के नेतृत्व निगम के जोन-बी दफ्तर पहुंचा। जहां प्रदर्शनकारियों ने निगम प्रशासन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। उनका आरोप था कि पिछले कई दिनों से कॉलोनी में पानी की सप्लाई ठप है। रोज़ाना की ज़रूरतों के लिए लोगों को पास के मोहल्लों से पानी लाना पड़ रहा है। इस कॉलोनी में ज्यादातर नौकरीपेशा लोग रहते है। दस-बारह घंटे की मेहनत-मज़दूरी के बाद उन्हें पानी लाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। प्रदर्शनकारियों का रोष था कि इस कॉलोनी में पानी सप्लाई की समस्या कोई नई नहीं है, थोड़े वक्त बाद यह दिक्कत आती रहती है। लोग इलाका कौंसलर से लेकर नगर निगम कार्यालय तक दौड़-दौड़कर थक चुके हैं, लेकिन कोई समाधान नहीं होता है। दूसरी तरफ, निगम के अधिकारियों ने मौके पर वाटर कैंटर भेजकर जल्दी पानी की सप्लाई जारी करने का भरोसा भी दिया है। टैक्सटाइल हौज़री कामगर यूनियन के अधयक्ष राजविंदर सिंह ने आगाह किया कि निगम प्रशासन समस्या का ठोस हल नहीं निकालता है। लिहाजा नई सरकार व जनप्रतिनिधियों को इस समस्या को गंभीरता से लेना चाहिए। वर्ना आने वाले दिनों में बड़े स्तर पर तीखा संघर्ष किया जाएगा।





### हाय पानी, हर साल की कहानी

महानगर लुधियाना में खासतौर पर गर्मियों के दौरान जलापूर्ति का संकट विकराल हो जाता है। महानगर के आउटर एरिया में तो एकतरह से आपात स्थिति जैसे हालात हो जाते हैं। मसलन, भीषण गर्मी के दौरान अभी ईडब्ल्यूएस कालोनी में कई दिन से जल-संकट से भड़के लोग सड़कों पर उतर आए। पानी की सप्लाई के लिए तो सीधेतौर पर नगर निगम प्रशासन जिम्मेदार है। जो जल-संकट के दौरान बिजली कट लगने पर पीएसपीसीएल के सिर ठीकरा फोड़ देता है। जबकि स्मार्ट सिटी की दौड़ में शामिल महानगर में निगम की अनदेखी के चलते बढ़ती आबादी की तुलना में जलापूर्ति व्यवस्था को अपग्रेड नहीं किया गया। मसलन, जिन इलाकों में जल-स्तर नीचे चला गया, वहां नए ट्यूबवैल नहीं लगे। जहां ट्यूबवैल लगे हैं तो उनको जैनरेटर से चलाने का माकूल इंतजाम नहीं है। खासतौर पर आउटर वार्डों में पानी की पाइप लाइन तक सौ फीसदी नहीं बिछाई जा सकी हैं। जहां बिछी हैं तो उनकी क्षमता कम होने और ट्यूबवैल से प्रेशर लो रहने पर सही से जलापूर्ति नहीं हो पाती है। ऐसी तमाम खामियों के चलते हर साल की तरह इस बार भी जल-संकट गहराने का खतरा बढ़ रहा है।



संदीप शर्मा
चीफ एडीटर

अपने इलाके की जन समस्याओं के लिए आप हमसे दिए हुए नंबर पर संपर्क करें-9888200619, 9818884612

### कांग्रेस @ कलह : तस्वीरों ने बयां किया सब-कुछ

## ताजपोशी में वड़िंग को बर्फी खिला रहे आशू को पंजाब कांग्रेस इंचार्ज ने रोका

### कार्यकारी प्रधान आशु के शहर लुधियाना में समर्थक खफा, विपक्षी तो ले रहें चुटकी

लुधियाना/यूटर्न/22 अप्रैल। विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद पंजाब कांग्रेस में कलह थमने का नाम नहीं ले रही है, शुक्रवार को चंडीगढ़ में कुछ ऐसा ही माहौल देखने को मिला। पंजाब कांग्रेस के नव-नियुक्त प्रधान अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग और कार्यकारी प्रधान भारत भूषण आशु के ताजपोशी समागम में अजीब घटनाक्रम हुए। जब वड़िंग अपना पदभार संभाल रहे थे तो आशु खुश होकर उनका मुंह मीठा करने लगे। जैसे ही उन्होंने बर्फी का टुकड़ा उठाया तो पीछे कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रताप सिंह बाजवा खड़े थे, उधर से ही आवाज आई, बर्फी कहां गई ? तभी झट से पंजाब कांग्रेस के इंचार्ज हरीश चौधरी ने आगे बढ़कर आशू का हाथ पकड़ बर्फी वापस रखवा दी और प्लेट बाजवा को थमा दी। दूसरे लोगों ने जब वड़िंग का मुंह मीठा कराया तो दूसरी तरफ मुंह घुमाए आशू के चेहरे के भाव सब कुछ बयां कर रहे थे। इस घटनाक्रम को लेकर सूबे के पूर्व कैबिनेट मंत्री आशु के शहर लुधियाना में तीखी प्रतिक्रिया हुई। उनके समर्थक रोष जताते मालूम कर रहे थे कि कांग्रेस में जनप्रतिनिधियों के सामने क्या संगठन का कोई महत्व नहीं है। आशु खुद कार्यकारी प्रधान हैं तो नेता विपक्ष व अन्य कांग्रेसी उनसे बड़े हो गए, यह संगठनात्मक परंपरा-मर्यादा के खिलाफ है। जबकि विरोधी और विपक्षी दलों के नेता पंजाब कांग्रेस के खिलाफ इस मामले में खूब चुटकियां ले रहे हैं। इस एपिसोड की तस्वीरें-वीडियो भी खूब वायरल हो रहे हैं।





## हवलदार ने किए एसीपी के फर्जी हस्ताक्षर असलहा-लाइसेंस कैंसिल करने का मामला

लुधियाना/यूटर्न/22 अप्रैल। पुलिस कमिश्नरेट लुधियाना में हैरान करने वाला मामला दर्ज किया गया है। एसीपी लाइसेंसिंग-सिक्योरिटी के दफ्तर में असलहा डेलीशन व लाइसेंस कैंसिलेशन की फाइल पर वहां तैनात हवलदार ने उनके ही फर्जी दस्तखत कर दिए थे। जांच के बाद थाना डिवीजन पांच पुलिस ने उसके खिलाफ केस दर्ज करके उसकी तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक हवलदार दविंदर सिंह है। पुलिस ने एसीपी लाइसेंसिंग व सिक्योरिटी सरबजीत सिंह बराड़ की शिकायत पर उसके खिलाफ केस दर्ज किया। जिसके मुताबिक एसीपी आफिस में असलहा लाइसेंसिंग की एप्रूवल से लेकर कैंसिलेशन की फाइलें आती हैं। एसपी के सामने नवंबर, 2021 में गुरदेव नगर के कंवलदीप फूलका की फाइल आई। जिसमें असलहा-लाइसेंस संबंधी उस फाइल में एसीपी ने चैक किया तो उस पर पहले से उनके साइन हो चुके थे। गौर करने पर पता चला कि दस्तखत जाली थे। पूछताछ में आरोपी हवलदार दविंदर सिंह ने माना था कि दस्तखत उसने किए थे।



### भाजपा महासचिव तरुण चुघ बरसे आप सरकार पर

# मान जाओ मान-साब, पंजाब को कॉमेडी शो ना बनाओ, बोले चुघ

**बिजली-मुफ्त वाला ऐलान किया हैं यहां पंजाब सरकार के इश्तेहार गुजरात में**

लुधियाना / यूटर्न / 22 अप्रैल। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ ने यहां अपने दौरे के दौरान आम आदमी पार्टी पर जमकर निशाने साधे। उन्होंने हाथ जोड़ते तंज कसा कि सीएम मान, प्लीज पंजाब को कॉमेडी-शो नहीं बनाएं। उन्होंने आरोप लगाया कि पंजाब सरकार ने मुफ्त बिजली का ऐलान तो यहां किया, लेकिन करोड़ों रुपये के इश्तेहार गुजरात और हिमाचल प्रदेश जैसे सूबों में छापकर वाहवाही लूटी जा




रही है। आम आदमी पार्टी से पंजाब में सरकार संभल नहीं रही है। सूबे का माहौल दिनों-दिन बिगड़ रहा है। कहीं व्यापारी लूट रहे हैं तो कहीं फायरिंग की घटनाएं हो रही हैं। आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल पंजाब में पार्टी की सरकार बनने के बाद पुलिस का इस्तेमाल निजी हितों के लिए कर रहे हैं। जो भी आम आदमी पार्टी के खिलाफ आवाज उठाता है, उसके घर पर पुलिस भेज धमकाया जा रहा है।

उन्होंने आप सरकार को जीरो नंबर देते हुए यह दावा भी किया पंजाब में भाजपा ने विधानसभा चुनाव में अकेले 23 सीटों पर चुनाव लड़ा। उम्मीदवारों ने बढ़िया प्रदर्शन किया और पार्टी के वोट प्रतिशत में पहले से बढ़ोतरी भी हुई। पंजाब में भाजपा संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने की मुहिम जारी है। कांग्रेस द्वारा पंजाब के संगठन में फेरबदल के मुद्दे पर उन्होंने साफतौर पर कोई कमेंट नहीं किया।

# वर्ल्ड अर्थ डे : कुदरत की धरोहरों को बचाएंगे तो खुद भी बचे रहेंगे

लुधियाना / यूटर्न / 22 अप्रैल। शुक्रवार को फिर मौसम के तेवर तीखे होने के बावजूद महानगर को जोड़ने वाले माछीवाड़ा रोड पर यह राहत देने वाला नजारा देखने को मिला। रोड के दोनों तरफ लगे हरे-भरे पेड़ मानों कुदरती-छतरी का काम कर रहे थे। इनके बीच में बनी ठंडी-ठंडी छाया से गुरजते वाहन सवार लोग भी सुकून महसूस करते दिखे। कई वाहन चालकों ने तो यहीं रुककर कुछ देर आराम भी किया। पर्यावरण संरक्षण में अहम भूमिका निभाने वाले पेड़ों से ही धरती का अस्तित्व भी कायम है, यह नजारा देखकर कुछ ऐसा ही संदेश मिला।

*-(फोटो : जसपाल सोनू)*



# श्री आत्म वल्लभ जैन कॉलेज, ने "प्राब्लम सोल्विंग स्कील एंड स्ट्रेस मैनेजमेंट" का किया आयोजन



लुधियाना / यूटर्न / 22 अप्रैल। श्री आत्म वल्लभ जैन कॉलेज, लुधियाना में इटंरनल क्वालिटी एश्योरेंस सेलद्वारा " प्राब्लम सोल्विंग स्कील एंड स्ट्रेस मैनेजमेंट" पर गैस्ट लैक्चर का आयोजन किया गया। इस लैक्चर की मुख्य अध्यक्ष इरादीप कौर(असिस्टेंट प्रोफेसर एस. सी.डी गवर्नमेंट कॉलेज, लुधियाना) थी। डॉ किरणपरीत कौर ने मुख्य अध्यक्ष का स्वागत किया। इरादीप कौर ने बताया कि प्राब्लम सोल्विंग स्कील, स्ट्रेस की पहचान करने और उन्हें प्रबंधित करने के लिए रणनीति बनाने की प्रक्रिया है जिससे हम नकारात्मक तनाव को प्रभावी तरीके से कम कर सकते हैं। उन्होंने विस्तार से बताया कि तनाव मानव जीवन का एक हिस्सा है और तनाव के कारणों और शरीर और दिमाग पर इसके प्रभावों के बारे में बताया। उन्होंने तनाव को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने की रणनीतियों के बारे में विस्तार से बताया। लोग अलग-अलग तरीकों से और अलग-अलग कारणों से तनाव का अनुभव करते हैं और प्रतिक्रिया किसी घटना, स्थिति या लोगों पर आधारित होती है।

# टैकनोक्रेट के स्वरूप में हमेशा याद रहेंगे स. दर्शन सिंह कुलार

लुधियाना / यूटर्न / 22 अप्रैल। वर्तमान युग में जहां आए दिन पारिवारिक घरानों में छोटी-छोटी बातों में वाद-विवाद सुर्खियों में देखने को मिलता है वहीं आज भी रामायण के श्रवण कुमार जैसे सुपुत्रों को अपना आदर्श मानते हुए अपने माता-पिता के लिए समर्पित सुपुत्रों की भी इस संसार में कोई कमी नहीं है। जिसकी एक मिसाल देश की साईकिल इंडस्ट्री को स्थापित एवं विकसित करवाने वाले कुलार परिवार के सुपुत्रों गुरमीत सिंह कुलार एवं जगदेव सिंह (विक्की) कुलार स्वरूप देखने को मिलती है। जिन्होने पिता एवं इंडस्ट्री के टैकनोक्रेट अपने पिता सरदार दर्शन सिंह कुलार के जाने के 19 वर्षों बाद भी विभिन्न ओद्योगिक संस्थाओं का नेतृत्व करते हुए उन्हें समस्त परिवार, उद्योग जगत एवं युवाओं के बीच



जीवित बनाए रखा है। उनके बड़े सुपुत्र गुरमीत सिंह कुलार भी फेडरेशन ऑफ इंडस्ट्रीयल एंड कामर्शियल आर्गेनाईजेशन (फीको) के प्रधान एवं पीएचडी चेंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्री लुधियाना के चेयरमैन स्वरूप उद्योग जगत को अपनी सेवाएं समर्पित कर रहे हैं। वहीं जगदेव सिंह वि1की कुलार आईटीआई (गर्ल्स) फिलौर के चेयरमैन पद पर आसीन हैं। परिवार को मिल रहे इस स6मान में स. दर्शन सिंह कुलार का भी महत्वपूर्ण योगदान है। स. दर्शन सिंह कुलार ने साईकिल उद्योग के लिए नई-नई मशीनों को विकसित करते हुए इंडस्ट्री के लिए मील पत्थर का कार्य किया। जिसके लिए साईकिल इंडस्ट्री में उन्हें टैकनोक्रेट माईन्ड के नाम से भी जाना जाता है। स. दर्शन सिंह कुलार 5 नवंबर 1939 में पिता स. रतन सिंह कुलार व माता संत कौर के घर जन्मे। जी.जी.एन. खालसा स्कूल गुरूसर सुधार, लुधियाना से 1955 में मैट्रिक पास करने के पश्चात् अपने भाईयों अजीत सिंह कुलार, प्रीतम सिंह कुलार एवं मुखतियार सिंह कुलार के साथ साईकिल उद्योग में हाथ बंटाने पहुँचे। उन्होने समय एवं बाजार की मांग को समझते हुए भारतीय साईकिल उद्योग के लिए कई नई मशीनें तैयार कर इस इंडस्ट्री को एक नई दिशा दी।


**19th REMEMBRANCE**

आंखें भी नम हैं, दिल भी उदास है, जिन्दगी के सफर में खो गया कोई खास है



आदरणीय

**स. दर्शन सिंह जी कुलार**

(05.11.1939 - 23.04.2003)

**आप हमेशा मार्गदर्शक बन हमारे दिलों में बसे रहेंगे।**

ਯਾਦ ਵਿੱਚ

Gurmeet Singh Kular (Son)

| | | | |
|---|---|---|---|
| S. Jagdish Singh Kular | (Nephew) | Jagdev Singh (Vicky) Kular | (Son) |
| S. Harmail Singh Kular | (Nephew) | S. Gurcharan Singh Kular | (Nephew) |
| S. Harminder Singh Kular | (Nephew) | Jasmeet Singh Kular | (Grand-Son) |
| S. Sukhdev Singh Kular | (Nephew) | Gurmehar Singh Kular | (Grand-Son) |
| S. Sukhwinder Singh Kular | (Nephew) | Gurjot Singh Kular | (Grand-Son) |

**KULAR GROUP OF INDUSTRIES**

C-223, Phase VIII, Focal Point, Ludhiana 141 010


# कल कई इलाकों में बिजली बंद रहेगी

लुधियाना / यूटर्न / 22 अप्रैल। पीएसपीसीएल की 11 केवी फीडरों की मरम्मत मुहिम के चलते कल 23 अप्रैल शनिवार को शहर के कई इलाकों में बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। एक चरण में सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक बिजली बंद रहने पर प्रभावित क्षेत्रों हीरा नगर, बाबा दीप सिंह नगर, टिब्बा रोड, गुरमेल पार्क, प्रीत नगर, भोला कॉलोनी, शिंगार रोड, ढोका मोहल्ला, धरमपुरा, रंजीत सिंह पार्क, हरगोबिंद नगर, मायापुरी, शक्ति नगर, बेअंतपुरा, हरगोबिंदपुरा, समराला चौक-चंडीगढ़ रोड, कैलाश नगर, आरके रोड, जनकपुरी, इंडस्ट्रियल-ए, चीमा चौक शामिल रहेंगे। जबकि दूसरे चरण में सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक उद्योग क्षेत्र-ए टेक्सटाइल कॉलोनी आदि इलाकों में बिजली सप्लाई बंद रखी जाएगी।

# इको क्लब ने 'पर्यावरण जागरूकता रैली' के माध्यम से पृथ्वी दिवस मनाया

लुधियाना / यूटर्न / 22 अप्रैल। मालवा सेंट्रल कॉलेज ऑफ एजुकेशन फॉर विमेन, लुधियाना के इको क्लब ने समुदाय में 'पर्यावरण जागरूकता रैली' का आयोजन करके पृथ्वी दिवस मनाया। रैली कॉलेज से घुमार मंडी की ओर शुरू हुई। बीएड और एम.एड के सभी छात्रों और स्टाफ के सदस्यों ने इसमें उत्साहपूर्वक भाग लिया।



कार्यक्रम की शुरुआत राज्य एवं राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार विजेता मैडम कुसुम लता द्वारा पृथ्वी दिवस पर विस्तार व्याख्यान से हुई। स्वागत भाषण कॉलेज की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. निरोतमा शर्मा ने दिया। मैडम कुसुम लता ने अपने व्याख्यान के माध्यम से छात्रों को प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के लिए प्रेरित किया। इससे एक दिन पहले इसी थीम पर पोस्टर मेकिंग एक्टिविटी का भी आयोजन किया गया था। इको क्लब इंचार्ज डॉ. जया बत्रा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि मानव को धरती और उसके प्राकृतिक संसाधनों को बचाना है, क्योंकि मानवता का अस्तित्व सीधे तौर पर इससे जुड़ा है।

### जन्मदिन मुबारक



रीना अग्रवाल



इनायत वर्मा




सियाल जैन


**PUBLISH YOUR Birthday Photograph**

& GET A CHANCE TO WIN BIRTHDAY CAKE WORTH RS. 800 EACH
1 FOR YOUNGEST & 1 FOR OLDEST
*T&C

Hot Breads
0161-4603333, 5012222



FOR MORE DETAILS, CALL: 99882-20063, 98142-95372
groupkindia@gmail.com, hetaishinews@gmail.com

**ADVERTISEMENT**

| | |
|---|---|
| जन्मदिन/सालगिरा/शोक समाचार | फ्री |
| रस्म किरिया/श्रद्धांजलि | ₹2000 |
| क्लासिफाइड डिस्पले | ₹500 – 3 |

M: 98142-95372

# सीआईसीयू के नेतृत्व में इंडस्ट्री-पुलिस प्रशासन में बैठक संपन्न



लुधियाना / यूटर्न / 22 अप्रैल। वीरवार देर शाम इंडस्ट्रियल इलाकों की समस्याओं के लेकर पुलिस प्रशासन एवं उद्यमियों में विशेष बैठक का आयोजन किया गया। सीआईसीयू में आयोजित मीटिंग के दौरान दो दर्जन से भी ज्यादा औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने पुलिस उच्च पुलिस अधिकारियों को विभिन्न इलाकों में होने वाली चोरी, छीनाझपटी, एक्रोचमेंट जैसी समस्याओं से अवगत करवाया। उद्यमियों ने पुलिस अधिकारियों को समस्याओं के निवारण के लिए भी कई प्रकार के सुझाव दिये। इस अवसर पर विभिन्न पुलिस अधिकारियों को फूल भेंट कर उनका सम्मान किया। मीटिंग के दौरान प्रधान उपकार सिंह अहूजा जनरल सेक्रेटरी पंकज शर्मा, के.के. गर्ग, चरनजीत विश्वकर्मा, जीएस काहलों, टीआर मिश्रा, विनोद थापर, चरनजीत सिंह, जीएस भोगल, रजनीश अहूजा, राहुल अहूजा, गौतम मल्होत्रा सहित असंख्य उद्यमी शामिल हुए। -फोटोः मुनीष वशिष्ठ

## क्रेडिट कार्ड जारी करने वाली कंपनियों को आरबीआई ने दी चेतावनी

नई दिल्ली / यूटर्न / 22 अप्रैल। रिजर्व बैंक ने गुरुवार को कार्ड कंपनियों से कहा कि वह ग्राहक की स्पष्ट सहमति के बिना अवांछित क्रेडिट कार्ड जारी न करें और न ही मौजूदा कार्ड को अपग्रेड करें। इसका पालन नहीं करने पर कंपनी (कार्ड जारी करने वाली) को बिल की राशि का दोगुना, जुर्माना के रूप में देना होगा। इसके साथ ही, केंद्रीय बैंक ने कार्ड जारीकर्ता कंपनियों और थर्ड पार्टी एजेंट्स से ग्राहकों से बकाये की वसूली को लेकर डराने-धमकाने या परेशान करने से भी मना किया है। क्रेडिट कार्ड और डेबिट कार्ड जारी करने को लेकर अपने 'मास्टर' दिशानिर्देश में आरबीआई ने कहा, ''बिना ग्राहक की मंजूरी के कार्ड जारी करना या उसकी




सीमा बढ़ाने और अन्य सुविधाएं देना बिल्कुल मना है।'' यह दिशानिर्देश एक जुलाई, 2022 से लागू होंगे। केंद्रीय बैंक ने आगे कहा अगर कोई अवांछित कार्ड जारी किया जाता है या मौजूदा कार्ड को प्राप्तकर्ता की स्पष्ट सहमति के बिना अपग्रेड और एक्टिवेट किया जाता है, तो कार्ड जारीकर्ता को उसका शुल्क लौटाना होगा तथा बिल की राशि का दोगुना जुर्माना देना होगा। मास्टर निर्देशों के अनुसार, 100 करोड़ रुपये से अधिक की कुल संपत्ति वाले वाणिज्यिक बैंक स्वतंत्र रूप से या अन्य कार्ड जारी करने वाले बैंकों/एनबीएफसी के साथ टाई-अप करके क्रेडिट कार्ड व्यवसाय कर सकते हैं। क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबी) को भी अपने प्रायोजक बैंक या अन्य बैंकों के सहयोग से क्रेडिट कार्ड जारी करने की अनुमति है। केंद्रीय बैंक ने कहा कि अगर किसी व्यक्ति के नाम से कार्ड जारी किया जाता है तो वह आरबीआई लोकपाल में इसकी शिकायत कर सकता है, जो लोकपाल योजना के प्रावधानों के अनुसार कार्ड-जारीकर्ता द्वारा अवांछित कार्ड प्राप्त करने वाले को देय मुआवजे की राशि तय करेंगे।

## प्योर ईवी ने वापस मंगवाए 2000 ई-स्कूटर

### इसमें कंपनी के ई ट्रांस और ई-प्लूटो 7G मॉडल शामिल

नई दिल्ली/ यूटर्न / 22 अप्रैल। हैदराबाद की एक और ईवी कंपनी ने ई-स्कूटर की 2,000 यूनिट्स को रिकॉल किया है। प्योर ईवी इंडिया मार्केट में ई ट्रांस, ई-प्लूटो और ई ट्राइस्ट जैसे इलेक्ट्रिक स्कूटर बेचती है। प्योर ईवी के स्कूटर में हाल के दिनों में तेलंगाना और तमिलनाडु में आग की कई घटनाओं सामने आई हैं। इसी गड़बड़ी के चलते कंपनी ने यह कदम उठाया है। इसके पहले ओकिनावा ऑटोटेक ने आग की घटना की वजह से अपने इलेक्ट्रिक स्कूटर की 3,000 से ज्यादा यूनिट्स को वापस मंगाया था। हाल ही में प्योर ईवी के एक



स्कूटर की बैटरी में आग लगने से 80 साल के बुजुर्ग की जलने से मौत हो गई। दरअसल ईवी घर के अंदर चार्ज किया जा रहा था। इस घटना में तीन अन्य लोगों के घायल होने की भी खबर है। गुरुवार को प्योर ईवी ने हैदराबाद के पास निजामाबाद में हुई इस घटना पर खेद जताया। रिकॉल की गई यूनिट में ई ट्रांस+ और ई-प्लूटो 7G इलेक्ट्रिक स्कूटर शामिल हैं। निजामाबाद के असिस्टेंट पुलिस कमिश्नर वेंकटेश्वरलू मुताबिक प्योर ईवी के खिलाफ IPC की धारा 304 A (लापरवाही के कारण मौत) के तहत केस दर्ज किया गया है।

### प्रदूषण मामलों पर इंडस्ट्री व विभाग आमने-सामने

# जेबीआर टेक्नोलॉजीज पर लगे पानी ट्रीट न करने के आरोप

लुधियाना / यूटर्न / 22 अप्रैल। राज्य में इंडस्ट्री फ्रेंडली वातावरण कायम करने के लिए इंडस्ट्रियल इकायों को प्रदूषण विभाग द्वारा एनओसी की सीमा अवधि 6 महीने से बढ़ाये जाने की जरूरत है। वहीं ग्रीन कैटेगरी इंडस्ट्री के लिए एनओसी सीधे पांच साल तक दिये जाने का प्रावधान होना चाहिए। इसके अलावा विभाग द्वारा इंडस्ट्री को लगाए जा रहे चार्जेस व फीसों में भी गिरावट करते हुए रियायत देने की जरूरत है। यह विचार स्मार्ट सिटी के कारोबारियों द्वारा पंजाब पल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के चेयरमैन डॉ. आदर्श पाल विज को दिये गये। शुक्रवार देर शाम साईसीयू कार्यालय में आयोजित



बैठक में इंडस्ट्री से रूबरू होने पहुंचे पंजाब पल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के चेयरमैन के साथ मेंबर सेक्रेटरी क्रुनेश गर्ग, चीफ इंजी. लुधियाना गुलशन राय भी विशेष रूप से उपस्थित हुए। जिन्होंने मींटिंग के दौरान इंडस्ट्री से रूबरू होकर पेश आ रही समस्याओं को ध्यान पूर्वक सुना। मीटिंग के दौरान बोर्ड के मेंबर एवं सीआईसीयू के महासचिव पंकज शर्मा ने वातावरण के बचाव हेतु सीईटीपी प्लांट के ऑपरेटर जेबीआर टेक्नोलॉजीज पर इंडस्ट्रियल इकाइयों के पानी को सही ढंग से ट्रीट न करने के आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि जेबीआर टेक्नोलॉजीज पानी ट्रीट करने की अपनी जिम्मेदारियों के सही ढंग से नहीं निभा पा रहा। वहीं विभागीय अधिकारी भी उस पर कार्रवाई करने के बजाय उसे प्रोत्साहित करते प्रतीत हो रहे हैं। शर्मा ने बेबाकी से बोलते हुए जेबीआर टेक्नोलॉजीज पर इंडस्ट्री से उठाए जाने वाले पानी को बिना ट्रीट किए ही सीवरेज में बहाने के गंभीर आरोप लगाते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की। प्रधान उपकार अहूजा व जे.एस. भोगल ने विभाग द्वारा इंडस्ट्री की राहत के लिए वीडीएस स्कीम को आगे बढ़ाये जाने की प्रशंसा की। वहीं



इंडस्ट्री ने रेन हार्वेस्टिंग स्कीम को भी दोबारा शुरु करने की अपील की। चेयरमैन आदर्स पाल विज वातावरण के बचाव हेतु इंडस्ट्री को सीएसआर फंड की तर्ज पर सीईएफ कार्पोरेट इन्वायरमेंट फंड बनाने के लिए प्रोत्साहित किया। ताकि पर्यावरण को बचाने के लिए ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाए जा सकें। मीटिंग में एसपी सिंह, सर्वजीत सिंह, पीआर मिश्रा, नरेंद्र भंवरा, एस. सी. रल्हन, रजनीश अहूजा, राहुल अहूजा, ओपी बस्सी, विनोद थापर, मनमोहन सिंह ऊबी, गौतम मल्होत्रा, चरनजीत सिंह सहित असंख्य कारोबारी उपस्थित हुए।

# पुलिस कमिश्नरेट ने 24 लाख 91 हजार की चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया

लुधियाना / यूटर्न / 22 अप्रैल। पुलिस कमिश्नरेट लुधियाना ने 24 लाख 91 हजार रुपये की चोरी के आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। चोरी की गई राशि में से 16 लाख 64 हजार 210 रुपये बरामद कर लिए गए हैं। घटना में प्रयुक्त स्कूटर एक्टिवा नंबर PB 10GU 1854 अपराध पर अंकुश लगाने और घटना का पता लगाने के लिए माननीय पुलिस आयुक्त लुधियाना कौश्तुभ शर्मा ने एक विशेष अभियान शुरू किया गया था। लुधियाना में किला मोहल्ला फॉल्स के पास, जिसमें से तीन आरोपी थे वादी कपिल कुमार की पहचान दीपक उर्फ दीपू पुत्र नरहरि निवासी किला मोहल्ला लुधियाना, मोनू पुत्र विनोद कुमार



निवासी किला मोहल्ला लुधियाना और विनोद कुमार मद्रासी पुत्र निवासी मद्रासी कॉलोनी किला मोहल्ला लुधियाना के रूप में हुई है। बड़ी सफलता के साथ गिरफ्तार किया गया है। इस सनसनीखेज तलाशी चोरी का मामला सुलझ गया है। इस बात का खुलासा करते हुए आज यहां सिमरतपाल सिंह ढोसा पीपीएस आईसीपी सिटी ने कहा कि घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए उन्होंने श्री परमिंदर सिंह हीर पीपीएस अतिरिक्त उपायुक्त साहिब पुलिस जोन-1 को आरोपी को गिरफ्तार करने का निर्देश दिया है.लुधियाना, विशेष जांच दल ने श्री हरसिमरत सिंह पी.पी.एस. सहायक पुलिस आयुक्त मध्य लुधियाना की देखरेख में गठित की गई थी और इस संबंध में मामले की संख्या क्रमांक उन्हें गिरफ्तार करने के लिए अलग-अलग दल भेजे गए थे। मुख्य अधिकारी थाना संभाग संख्या 4 द्वारा मामले के जांच अधिकारी 51 रशपाल सिंह 2282/लुधी के साथ त्वरित कार्रवाई की गई और एक पुलिस दल भेजा गया जिसके द्वारा आरोपी दीपक उर्फ दीपा और मोनू कुमार से शिव मंदिर में पूछताछ की गई।



लुधियाना / यूटर्न / 22 अप्रैल। लुधियाना पहुंचे राष्ट्रीय महासचिव भाजपा तरुण चुग। स्वर्णकार संघ लुधियाना रजिस्टर्ड के अध्यक्ष प्रिंस बब्बर, चेयरमैन शिव भण्डारी, वाईस चेयरमैन सुमन वर्मा, महासचिव अनिल ठाकुर, वरिष्ट उपाध्यक्ष अजय भारद्वाज जी द्वारा पुरजोर स्वागत किया गया। उनके साथ परवीन बांसल, जतिंदर मित्तल, सुमन वर्मा, हरीश सग्गर आदि उपस्थित थे।

# खालसा कॉलेज फॉर वूमेन में अमरावती दर्शन का आयोजन



लुधियाना / यूटर्न / 22 अप्रैल। शुक्रवार को खालसा कॉलेज फॉर वूमैन, सिविल लाइंस , लुधियाना में एक भारत श्रेष्ठ भारत क्लब ने रसायन विभाग के सहयोग से अमरावती दर्शन नामक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें लगभग 50 छात्राओं ने भाग लिया। पंजाब राज्य का युग्म आंध्र प्रदेश राज्य से होने के कारण इस कार्यक्रम में आंध्र प्रदेश के लाम्बडी नामक लोक नृत्य को छात्राओं के समक्ष प्रस्तुत किया गया। स्पाइसी ट्रीट के अंतर्गत छात्राओं ने आंध्र प्रदेश के भिन्न-भिन्न व्यंजनों जैसे मेदु वडा, बिरयानी, इडली-सांभर आदि को बनाकर छात्राओं को वहां के स्वाद से परिचित करवाया। छात्राओं को यह भी बताया गया कि आंध्र प्रदेश मिर्च का देश में सबसे ज्यादा निर्यात करने वाला राज्य है। तत्पश्चात अमरावती कार्यक्रम में छात्राओं ने आंध्र प्रदेश के परंपरागत परिधानों को फैशन शो द्वारा प्रदर्शित किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पंजाब की छात्राओं को आंध्र प्रदेश की संस्कृति, उनके परिधान, उनके खान - पान आदि से परिचित करवाना था।



लुधियाना / यूटर्न / 22 अप्रैल। पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजा वडिंग, कार्यकारी अध्यक्ष भारत भूषण आशू कांग्रेस भवन चंडीगढ़ में लुधियाना कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष डिंपल राणा को प्रशंसा पत्र देते हुए।

# आतम देवकी निकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में उत्साह से मनाया गया अर्थ डे



लुधियाना / यूटर्न / 22 अप्रैल। किदवई नगर स्थित आतम देवकी निकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल के किंडरगार्टन विंग में अर्थ डे अत्यंत उत्साह से मनाया गया। इस अवसर पर नन्हे नन्हे बच्चे स्कूल केप्रांगण में अर्थ डे से संबंधित क्राउन पहने हुए बहुत ही आकर्षित और सुसज्जित छवि प्रस्तुत कर रहे थे। इस गतिविधि में बच्चों ने क्ले से बहुत ही सुंदर पृथ्वी, पेड़ और वनस्पतियों की आकृतियां बनाई। नौनिहालों ने स्कूल के पार्क में अध्यापिकाओं की सहायता से पौधे भी लगाए। और उन्हें नित्य पानी देने उनकी देख रेख करने की जिम्मेदारी भी उठाई। नन्हे नन्हे बच्चे बहुत जोश के साथ स्कूल के प्रांगण में अर्थ बचाओ, पेड़ लगाओ आदि के नारे लगाते हुए दिखाई दिए।

# सीटी यूनिवर्सिटी ने पाश कविता की प्रासंगिकता पर राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया

लुधियाना / यूटर्न / 22 अप्रैल। पंजाब डिपार्टमेंट ऑफ ह्यूमैनिटीज एंड फिजिकल एजुकेशन, सीटी यूनिवर्सिटी, लुधियाना ने साहित्य अकादमी, दिल्ली के सहयोग से 'पाश की समकालीन प्रासंगिकता' पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया। प्रो. भीमिंदर सिंह ने मुख्य भाषण देते हुए कहा कि पाश की कविता का महत्व दिन-ब-दिन बढ़ता जा रहा है। पाश ने हमेशा एक अधूरे इंसान की इच्छाओं को व्यक्त किआ है और वह हमेशा लोगों के कवि रहे हैं। वह अपनी कविताओं में दलितों का प्रतिनिधित्व करते हैं। अपना शोध



पत्र पेश करते हुए डॉ. जोहल ने कहा कि पाश की कविता में पंजाबी संस्कृति को खूब दर्शाया गया है। उन्होंने पाश कविता दौड़ की समकालीन प्रासंगिकता पर जोर दिया और पुनर्विचार किया। डॉ. संदीप कौर और डॉ. किरण कौर ने अपने शोध पत्रों में पाश की कविता की वैचारिक आधारों और कलात्मक पहलुओं को विस्तार से प्रस्तुत किया। दोनों आलोचनाओं ने स्त्री की विशालता को उजागर किया। समारोह की अध्यक्षता करते हुए प्रो. सोहिंदर बीर ने कहा कि पाश ने अपनी कविता को समकालीन विषयों पर आधारित है पर उनके कविता में हर युग में प्रभावित करने की क्षमता है।

# स्प्रिंग डेल में चली हरियावल पंजाब की लहर

लुधियाना / यूटर्न / 22 अप्रैल। स्प्रिंग डेल पब्लिक स्कूल में हरियावल पंजाब के अंतर्गत प्रत्येक 'मनुष्य लगाए एक वृक्ष' की लहर के साथ धरा दिवस को बड़े ही सुचारू रूप के साथ मनाया गया। इस दौरान हरियावल पंजाब के कन्वीनर राम गोपाल के दिशा निर्देशोंके अनुसार और स्कूल के चेयर पर्सन मैडम अविनाश कौर वालिया जी के मार्गदर्शन से पेड़ पौधे लगाकर विश्व हरियाली का संदेश दिया। इसके साथ ही बच्चों ने सुंदर पोस्टर बनाकर सारी मानवता को धरा बचाओ वृक्ष लगाओ का शुभ संदेश भी दिया। इसके साथ ही किंडरगार्डन के बच्चों ने बीजारोपण और पौधों को पानी देना जैसी गतिविधियों में भी भाग लिया। स्कूल के माननीय चेयरपर्सन मैडम श्रीमती अविनाश कौर वालिया जी ने सभी बच्चों को धरती मां को सुंदर स्वच्छ और हरी-भरी रखने के लिए प्रेरित भी किया।




उन्होंने बच्चों को यह भी बताया कि हरियाली खुशहाली का प्रतीक है। इसलिए हम सबका यह फर्ज़ बनता है कि हम सब मिलकर अपनी धरती मां को सुंदर और खुशहाल बनाएं। इसके साथ ही डायरेक्टर्स श्री मनदीप सिंह वालिया जी, कमलप्रीत कौर जी और प्रिंसिपल अनिल कुमार शर्मा जी ने भी सभी बच्चों को अधिक से अधिक वृक्ष लगाकर धरती मां और वातावरण को स्वच्छ बनाने के लिए प्रेरित भी किया।

# किंडरगार्टन प्लेवे स्कूल ने अंतर्राष्ट्रीय पृथ्वी दिवस मनाया






लुधियाना/यूटर्न/22 अप्रैल। चाइल्डहुड किंडरगार्टन प्लेवे स्कूल पंजाबमाता नगर ने शुक्रवार को स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय पृथ्वी दिवस मनाया। 'गो ग्रीन', 'प्लांट ए ट्री' और ₹सेव ट्रीज़₹ पढ़ते हुए बैनर और रंगीन चार्ट लगाए गए थे। बच्चों ने पृथ्वी ग्रह के संरक्षण का महत्व सीखा। इस अवसर पर बच्चों ने पौधरोपण किया। चाइल्डहुड किंडरगार्टन में यह एक एक्शन पैक्ड दिन था, क्योंकि छात्रों ने बड़े जोश और उत्साह के साथ पृथ्वी दिवस मनाकर एक साथ जुड़ने और वैश्विक हरित अर्थव्यवस्था बनाने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्राप्त किया। उन्हें अपना पूरा दिन ट्री हाउस में मनोरंजक गतिविधियाँ करने और धरती माँ को बचाने के संदेश रखने में बिताने का मौका मिला। स्कूल संचालक श्रीमती इशनीत शर्मा ने उन्हें इस अवसर के महत्व के बारे में बताया और उन्हें सभी अवसरों पर पौधे उपहार के रूप में देने के लिए प्रोत्साहित किया। छात्रों ने पौधे लगाए और उनमें से कुछ ने उन्हें पानी भी दिया। इसमें प्री-नर्सरी और नर्सरी के छात्र सक्रिय रूप से शामिल हुए। इस दिन बच्चों को सिखाया गया कि वे कभी भी पंखे और लाइट बंद किए बिना कमरे से बाहर न निकलें, उन्हें प्लास्टिक बैग के इस्तेमाल को ना कहना चाहिए। स्कूल निदेशक इशनीत शर्मा ने सभी छात्रों को पौधे लगाने के लिए प्रोत्साहित कर और उन्हें पेड़ बचाने के लिए प्रेरित कर इस दिन के महत्व पर प्रकाश डाला। दो शिक्षकों ने बच्चों को कचरे को उपयोगी चीजों में पुनर्चक्रित करने का तरीका सिखाया। स्कूल स्टाफ के सदस्यों द्वारा 'गो ग्रीन' पहल भी शुरू की गई थी। -फोटोः विशाल ढल्ल

# हैमटन होम्स के प्रमोटर आप की सरकार में किस वाशिंग पाउडर से हुए पाक दामनः चीमा

लुधियाना / यूटर्न / 22 अप्रैल। आप सरकार के राज्यसभा एमपी एवं रितेश प्रॉपर्टीज एंड इंडस्ट्रीज लि. के मालिक संजीव अरोड़ा उर्फ सनी द्वारा मुंडिया कलां इलाके में फेस 8 के तहत इंडस्ट्रियल लैंड पर हजारों की संख्या में बनाए गये रिहायशी फ्लैट का मुद्दा लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। विभिन्न इंडसट्रियल बोर्डों के चेयरमैनों के बाद अब टीम आशू के मुख्य मेंबर एवं विगत विधानसभा चुनावों में हलका साउथ से उम्मीदवार रहे ईश्वरजोत चीमा ने भी खुल्लम-खुल्ला रितेश प्रॉपर्टीज एंड इंडस्ट्रीज द्वारा बनाए जा रहे हैमटन होम्स रिहायशी फ्लैटों के मामले में आम आदमी पार्टी पर कई प्रकार के सवाल खड़े कर दिये हैं। नेता द्वारा खुलेआम फ्लैटों के मामले में जांच करवाए जाने की मांग उठाई है। वहीं सीधे तौर पर संजीव अरोड़ा को राज्यसभा से एमपी बनाए जाने पर सवाल खड़े कर दिये हैं। चीमा ने आरोप लगाया कि जिस रितेश प्रॉपर्टीज एंड इंडस्ट्री पर आम आदमी पार्टी के वर्कर कांग्रेस के कार्यकाल में मॉडल टाउन की जमीन अलॉट करने को लेकर भ्रष्टाचार के आरोप लगा रहे थे



अपनी सरकार में किस वाशिंग पाउडर के तहत धोते हुए वही भ्रष्ट रितेश प्रॉपर्टीज एंड इंडस्ट्री के प्रमोटर पाक दामन हो गये हैं। चीमा ने कहा कि उन्हें इंडस्ट्रियल इलाके से विधायक का चुनाव लड़ने का मौका मिला था इसलिए वे भलीभांति जानते है कि इंडस्ट्रियल बाहुल्य इलाके और इंडस्ट्रियल लैंड पर रिहायशी फ्लैट बनाना संवैधानिक तौर पर कितना संभव है या नहीं।

**क्या कहती है विभाग की पॉलिसी**

वर्ष 1992 में बेअंत सरकार द्वारा इंडस्ट्री लगाने के उद्देश्य से पीएसआईईसी विभाग के तहत बड़े कारोबारी घरानों को इंडस्ट्री लगाने के लिए 20 साले की आसान किश्तों पर फ्री के भाव जमीन अलॉट की गई थी। नाम न सार्वजनिक करने की शर्त पर विभागीय अधिकारी ने बताया कि वर्तमान समय तक पॉलिसी के अनुसार इंस्ट्रियल प्लॉट के 15 प्रतिशत भाग को इंडस्ट्री द्वारा अपने वर्करों व स्वयं की रिहायश के लिए इस्तेमाल किये जाने का प्रावधान है।

**क्यो पक्ष नहीं बता रहे संजीव अरोड़ा**



रितेश प्रॉपर्टी व इंडस्ट्री के मालिक व आम आदमी पार्टी के राज्यसभा एमपी संजीव अरोड़ा का पक्ष जानने के लिए लगातार फोन करने के बावजूद वह इस मामले में अपना पक्ष बताने से बच रहे हैं।

**गलत ढंग से सीएलयू करने वाले अधिकारियों को मिले सजाः टिक्का**



पूर्व चेयरमैन अमरजीत टिक्का के अनुसार फोकस्ड इंडस्ट्रियल लैंड पर इंडस्ट्रियल एरिया में रिहायशी फ्लैट बनाना गलत प्रचलन को बढ़ावा देना है। अगर कोई कंपनी अगर कहती है कि उन्होंने सीएलयू करवाया है तो भी संवैधिन तौर पर इस बात को नजर अंदाज नहीं किया जा सकता उन्होंने कहा गलत तरीके से सीएलयू करने वाले अधिकारियों को सजा देना अनिवार्य है।

**इंडस्ट्रियल इलाके में रिहायशी प्लैट बनाना प्रमोटर्स की मानसिकता का उदाहरणः बावा**



पूर्व चेयरमैन के.के. बावा के अनुसार लुधियाना पहले ही विश्व के पहले सबसे प्रदूषित शहरों में से एक है। ऐसे में इंडस्ट्रियल इलाके में ही फ्लैट बनाने की मान्यता देना व प्लैट बनाना प्रमोटर्स की मानसिकता को दर्शाता है। एक कंपनी को मान्यता देने के बाद अन्य कंपनियां भी इसी तर्ज पर फ्री के भाव मिली जमीन को रिहायशी में तब्दील कर करोड़ों की मुनाफाखोरी करने के लिए आगे आ सकते हैं।

# जालंधर इंप्रूवमेंट ट्रस्ट के दफ्तर से 200 सरकारी फाइलें गायब




जालंधर / यूटर्न / 22 अप्रैल। जालंधर इंप्रूवमेंट ट्रस्ट से 200 से ज्यादा सरकारी फाइलें गायब हैं। ये उन कालोनियों की फाइले हैं, जो शहर के पाश कालोनियों और स्कीमों की है। फाइलों के गायब होने से इंप्रूवमेंट ट्रस्ट के अलाटियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इंप्रूवमेंट ट्रस्ट के सूत्र बता रहे हैं कि सूर्या एंक्लेव समेत ट्रस्ट की पाश कालोनियों में कई प्लाटों की फाइलें नहीं मिल रही हैं। सूत्र बता रहे हैं कि इन फाइलों को क्लर्कों ने अपने पास दबा रखा है। जबकि क्लर्कों को कहना है कि ज्यादातर फाइलें चीफ विजीलैंस अफसर अपने साथ लेकर चंडीगढ़ चले गए हैं। आपको बता दें कि पिछले दिनों चीफ विजीलेंस अफसर ने इंप्रूवमेंट ट्रस्ट दफ्तर में छापेमारी करते हुए कई फाइलें अपने कब्जे में ले लिया था। इन फाइलों में कांग्रेस के एक कौंसलर को प्लाट अलाट करने समेत एलडीपी कोटे वाले कई प्लाटों की फाइलें शामिल हैं। इसमें कई फाइलें कुछ क्लर्कों के घर में बताई जा रही है। वहीं, इंप्रूवमेंट ट्रस्ट के ईओ परमिंदर सिंह गिल कहते हैं कि फाइलें दफ्तर में हैं, लेकिन किस क्लर्क के पास है और कहां है ये क्लर्क ही बता सकते हैं। उन्होंने कहा कि कई फाइलें चीफ विजीलैंस अफसर अपने साथ लेकर गए थे, इस संबंध में जांच चल रही है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में सीवीओ से फाइल वापस करने के लिए बात कर रहे हैं।

# वाल्मीकि सेवक संघ का शिष्टमंडल संगठन पुलिस कमिश्नर से मिला

## उनके द्वारा नशा तस्कर पर सख्त कार्रवाई करने के लिए दिया मांग पत्र



लुधियाना / यूटर्न / 22 अप्रैल। वाल्मीकि सेवक संघ (रजिः) वी एस एस का एक शिष्टमंडल संगठन के सरप्रस्त वीर बबलू अनार्य और प्रांतीय अध्यक्ष वीर विक्की सहोता की अगुवाई में पुलिस कमिश्नर लुधियाना कौशतुभ शर्मा से मिला। संगठन के अध्यक्ष वीर विक्की सहोता ने पुलिस कमिश्नर से बातचित में कहा के गुरपाल जो इलाके में सबसे बड़ा नशा तस्कर है उसके परवार के सभी सदस्य और उस्के मुखबिर जो गुरपाल का नशा बेचने में बराबर सहयोग करते आ रहे है उन्हे भी पर्चे में नामजद किया जाए और उनके मोबाइल नंबरओ की भी जाँच करवाई जाए और गुरपाल की सभी नामी बेनामी प्रॉपर्टीज भी केस में अटैच कर जाँच करवाई जाए जो इसने नशा बेच बेच कर बनाए है, साथ हि में गुरपाल और उसके साथिओं पर कतल का भी मुकदमा दर्ज किया जाए, क्युकि नशे के बारे में जानते हुए भी कि यह जानलेवा है, बेच कर बहुत से नौजवानो कि हत्या कि है। इस समय बॉबी चडालिया, सरपंच सेवा सिंह राहुल पारखी, मुकेश, बिट्टू बिरला, राकेश कुमार, कपिल सिद्धू, सागर बक्श, जॉनी मुंडिया, विक्की सौदा, अनिल चौहान, वीरू चडालिया, विक्की बिरला, सौरव सिद्धू, संजय खटक, अजय सहोता, रवि मुंडियां, एडवोकेट संजीव मल्होत्रा, शंकर जोरिया, राजू, राजू खटक आदि और भी साथी उपस्थित रहे।

# सैक्टर 32-ए निवासियों ने जनहित के कार्यों के लिए किया युनाइटेड वैल्फेयर सोसायटी का गठन

## हरविन्द्र हैप्पी बने चेयरमैन व के.आर पुरी सर्वसम्मति से सोसायटी के अध्यक्ष



लुधियाना / यूटर्न / 22 अप्रैल। विधानसभा पूर्वी के अंर्तगत सैक्टर 32-ए निवासियों ने जनहित के कार्यो के लिए युनाइटेड वैल्फेयर सोसायटी का गठन किया। इस दौरान सर्वसम्मति से जयगोपाल को सोसायटी का मुख्य सलाहकार, कर्मजीत सिंह भोला को सलाहकार,हरविन्द्र हैप्पी को चेयरमैंन, के आर पुरी को अध्यक्ष, गुरमेल सिंह घुम्मण को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, कर्मजीत सिंह को उपाध्यक्ष, भूपिन्द्र सिंह को महासचिव राजिन्द्र जिंदल को सचिव, संत गुप्ता को कोषाध्यक्ष व एडवोकेट एन.डी चोपड़ा को कानूनी सलाहकार पद की जिम्मेंदारी सौंपी गई। नवनियुक्त चेयरमैन हरविन्द्र हैप्पी व अध्यक्ष के.आर पुरी ने सोसायटी के गठन की बधाई देते हुए कहा कि सोसायटी आपसी भाईचारक सांझ को मजबूत करने के साथ-साथ जनहित के कार्यो को प्राथमिकता देगी। वहीं समय समय पर मैडिकल कैंप,रक्तदान कैंप, योगा कैंप, बच्चों के टूर्नामैंट व कल्चरल कार्यक्रम, सरकारी स्कूलों के विद्यार्थीयो के लिए पढ़ाई के लिए स्टेश्नरी की व्यव्स्था, सैर के दौरान बुर्जुर्गो के बैठने की व्यव्स्था सहित सामाजिक व धार्मिक आयोजनों को प्राथमिकता देगी।

# बच्चों को बताया योग का महत्व



लुधियाना / यूटर्न / 22 अप्रैल। भारतीय योग संस्थान उतरी ज़िला लुधियाना के भारत नगर क्षेत्र के सीता नगर पार्क में बच्चों की क्लास का शुभारंभ किया गया। पहली कक्षा से लेकर 7th क्लास तक बच्चों ने और उनके अभिभावकों ने बड़े हर्ष उल्लास के साथ कक्षा को ज्वाइन किया और हररोज ऐसे ही आने के लिए अपनी सहमति दी। लगभग 45 बच्चो ने अपनी उपस्थिति दी, आगे भी यह क्रम चलता रहे इसके लिए अमिता जी अशोक जी विजय भाटिया जी कंचन जी, अनु जी, मंजीत जी,अश्वनी जी प्रभा जी अमिता गर्ग और गोसाई जी सबका सहयोग रहा और आगे भी बारी बारी कक्षा में आने के लिए सहयोग रहेगा जिससे कक्षा में उत्साह बना रहे।

# गिन्नीज ब्राइडल एंड नेल स्टूडियो अकेडमी की ओर से सर्टिफिकेशन सेरेमनी का आयोजन



लुधियाना / यूटर्न / 22 अप्रैल। लुधियाना के मॉडल टाउन एक्सटेंशन स्तिथ गिन्नीज ब्राइडल एंड नेल स्टूडियो अकेडमी की ओर से सर्टिफिकेशन सेरेमनी का आयोजन डायरेक्टर पूजा तुली की अध्यक्षता में किया गया। अकेडमी में जिन बच्चों ने एक या दो महीने का कोर्स जैसे नेल्स, हेयर, रशियन हेयर स्टाइलिंग, मेकअप आदि किया हैं उन बच्चों को सर्टिफिकेट दिए गए। बच्चों को सर्टिफिकेट डायरेक्टर पूजा तुली, मेकअप आर्टिस्ट गिन्नी तलवाड़ और उज्ज्वल तलवाड़ द्वारा दिए गए। डायरेक्टर पूजा तुली ने कहा कि क्षेत्र में एक और 2 महीने का कोर्स करने वाले लड़के और लड़कियों को यह सर्टिफिकेट बांटे गए।

# नटखट स्टेप्स क्लब ऋषि नगर ने बच्चों के साथ मनाया अर्थ डे








लुधियाना/यूटर्न/22 अप्रैल। लुधियाना में नटखट स्टेप्स क्लब ऋषि नगर द्वारा अर्थ डे मनाया गया। जिसमें बच्चों ने पोस्टर मेकिंग, फेनसी ड्रेस प्रतियोगिता में भाग लिया और नन्हे बच्चों ने इतनी सी हंसी इतनी सी खुशी पर डांस किया। बच्चों ने पौधे लगा कर धरती को हरा भरा करने की शपथ ली। क्लब डायरेक्टर भारती सचदेवा व सभी शिक्षकों ने बच्चों को इस दिन की महत्वता के बारे में बताया और बच्चों को पर्यावरण को शुद्ध बनाने के लिए प्रेरित किया।


## खबर जरा हटके

# अपने क्रोम ब्राउज़र को तुरंत करें अपडेट




भारत सरकार के आईटी मंत्रालय की इंडियन कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पांस टीम (सीईआरटी-इन) ने गूगल क्रोम यूजर्स के लिए बेहद गंभीर चेतावनी जारी की है। जो उपयोगकर्ता 100.0.4896.88 से पहले के ब्राउज़र संस्करण का उपयोग कर रहे हैं, उन्हें एक चेतावनी दिखाई देगी। चेतावनी के अनुसार, Google क्रोम में विभिन्न कमजोरियां हैं जिनका दुरुपयोग मनमाने कोड को निष्पादित करने और लक्षित प्रणाली पर संवेदनशील जानकारी तक पहुंच प्राप्त करने के लिए किया जा सकता है। एडवाइजरी में आगे कहा गया है कि ₹स्टोरेज, बीएफसी कैश, रेगुलर एक्सप्रेशन, क्रोम ओएस शेल और टैब ग्रुप्स में फ्री के बाद उपयोग के कारण गूगल क्रोम में ये कमजोरियां मौजूद हैं, डेवलपर टूल्स में अपर्याप्त नीति प्रवर्तन, वी 8 में टाइप कन्फ्यूजन, कंपोजिटिंग में अनुचित कार्यान्वयन। सावधानीपूर्वक तैयार किए गए वेब अनुरोध भेजकर, एक दूरस्थ हमलावर इन कमजोरियों का फायदा उठा सकता है। एक दूरस्थ हमलावर मनमाना कोड निष्पादित कर सकता है और लक्षित सिस्टम पर संवेदनशील जानकारी तक पहुंच प्राप्त कर सकता है यदि इन कमजोरियों का सफलतापूर्वक शोषण किया जाता है। CERT-In अनुशंसा करता है कि Google Chrome उपयोगकर्ता धोखाधड़ी से बचने के लिए संस्करण 100.0.4896.88 पर अपडेट करें। उपरोक्त संस्करण इस सप्ताह की शुरुआत में टेक दिग्गज द्वारा जारी किया गया था और इसमें कई मरम्मत और उन्नयन शामिल हैं।

## आज का विचार




## कार्टून-कोना, राज-नीति







# भारत में गरीबी कम होने के दावे पर आईएमएफ और विश्व बैंक ने लगाई मुहर

अभी हाल ही में अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष ने "महामारी, गरीबी और असमानता: भारत से मिले साक्ष्य" विषय पर एक शोधपत्र जारी किया था, जिसके अनुसार भारत में अत्यंत गरीबी में बहुत तेजी से गिरावट दर्ज की गई है एवं यह अब 0.8 प्रतिशत के निचले स्तर पर आ गई है। अत्यंत गरीब उस व्यक्ति को माना जाता है जिसकी प्रतिदिन आय 1.9 अमेरिकी डॉलर से कम है। इसके तुरंत बाद अब विश्व बैंक ने भी एक पॉलिसी रिसर्च वर्किंग पेपर (शोध पत्र) जारी किया है। इस शोध पत्र के अनुसार वर्ष 2011 से 2019 के बीच भारत में गरीबों की संख्या में भारी गिरावट दर्ज की गई है। वर्ष 2011 में भारत में गरीबी की रेखा से नीचे जीवन यापन कर रहे व्यक्तियों की संख्या 22.5 प्रतिशत थी जो वर्ष 2019 में घटकर 10.2 प्रतिशत पर नीचे आ गई है अर्थात गरीबों की संख्या में 12.3 प्रतिशत की गिरावट दृष्टिगोचर है। अत्यंत चौंकाने वाला एक तथ्य यह भी उभरकर सामने आया है कि भारत के शहरी क्षेत्रों की अपेक्षा ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबों की संख्या बहुत तेज गति से कम हुई है। जहां ग्रामीण इलाकों में गरीबों की संख्या वर्ष 2011 के 26.3 प्रतिशत से घटकर वर्ष 2019 में 11.6 प्रतिशत पर आ गई है अर्थात यह 14.7 प्रतिशत से कम हुई है तो शहरी क्षेत्रों में यह संख्या 7.9 प्रतिशत से कम हुई है। उक्त शोधपत्र में एक अन्य महत्वपूर्ण तथ्य यह भी बताया गया है कि वर्ष 2015 से वर्ष 2019 के बीच गरीबों की संख्या अधिक तेजी से घटी है। वर्ष 2011 से वर्ष 2015 के दौरान गरीबों की संख्या 3.4 प्रतिशत से घटी है वहीं वर्ष 2015 से 2019 के दौरान यह 9.1 प्रतिशत से कम हुई है और यह वर्ष 2015 के 19.1 प्रतिशत से घटकर वर्ष 2019 में 10 प्रतिशत पर नीचे आ गई है। वर्ष 2017 एवं वर्ष 2018 के दौरान तो गरीबी 3.2 प्रतिशत से कम हुई है यह कमी पिछले दो दशकों के दौरान सबसे तेज गति से गिरने की दर है। ग्रामीण इलाकों में छोटे जोत वाले किसानों की आय में वृद्धि तुलनात्मक रूप से अधिक अच्छी रही है जिसके कारण ग्रामीण इलाकों में गरीबों की संख्या वर्ष 2015 के 21.9 प्रतिशत से वर्ष 2019 में घटकर 11.6 प्रतिशत पर नीचे आ गई है, इस प्रकार इसमें 10.3 प्रतिशत की आकर्षक गिरावट दर्ज की गई है। उक्त शोधपत्र में यह भी बताया गया है कि बहुत छोटी जोत वाले किसानों की वास्तविक आय में 2013 और 2019 के बीच वार्षिक 10 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है वहीं अधिक बड़ी जोत वाले किसानों की वास्तविक आय में केवल 2 प्रतिशत की वृद्धि प्रतिवर्ष दर्ज हुई है। अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष ने तो अपनी रिपोर्ट में भारत द्वारा कोरोना महामारी के दौरान लिए गए निर्णयों की सराहना करते हुए कहा है कि विशेष रूप से गरीबों को मुफ्त अनाज देने की योजना (प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना) को लागू किए जाने के चलते ही भारत में अत्यधिक गरीबी का स्तर इतना नीचे आ सका है और अब भारत में असमानता का स्तर पिछले 40 वर्षों के दौरान के सबसे निचले स्तर पर आ गया है। ज्ञातव्य हो कि भारत में मार्च 2020 में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) प्रारम्भ की गई थी। इस योजना के अंतर्गत केंद्र सरकार द्वारा लगभग 80 करोड़ लोगों को प्रति माह प्रति व्यक्ति पांच किलो अनाज मुफ्त में उपलब्ध कराया जाता है एवं इस योजना की अवधि को अभी हाल ही में सितम्बर 2022 तक आगे बढ़ा दिया गया है। उक्त मुफ्त अनाज, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून (एनएफएसए) के अंतर्गत काफी सस्ती दरों पर (दो/तीन रुपए प्रति किलो) उपलब्ध कराए जा रहे अनाज के अतिरिक्त है।

# एक रोज मैं तुम्हें बहुत याद आऊंगी

एक रोज मैं तुम्हें बहुत याद आऊंगी
तुम्हारे माथे से, टपकती बूंदों में
उनको जब तुम पौछना चाहोगे
तो तुम्हारी, हथेलियों में फैल जाऊंगी
हां एक दिन, मैं, तुम्हें बहुत याद आऊंगी
जब जब बादल छाएंगे,
तुम्हारे ख्यालों की गहराई में
एक शरारत सी बन
तुम्हारे होठों पर मुस्कान, की तरह बिखर जाऊंगी
हां, मैं एक दिन तुम्हें बहुत याद आऊंगी
तुम्हारी उदास आंखों से
कभी अश्क बन कर बह जाऊंगी
और यादों की लकीरें बन तुम्हारे गालों पर फैल
जाऊंगी
हां, एक दिन मैं तुम्हें बहुत याद आऊंगी
पुराने सामान में, एक याद बनकर
कुछ पन्नों की लिखावट में
मैं उधर आऊंगी
हां ,एक दिन मैं तुम्हें बहुत याद आऊंगा
महकते फूलों की खुशबू में
दूर बजती धुन मे
पंछियों के झुंड में
मैं दूर कहीं तुम्हें आवाज लगाऊंगी
हां, एक दिन मैं तुम्हें बहुत याद आऊंगा
कभी तो फुर्सत निकाल, बैठा करो मेरे साथ
हाथ पकड़ यूं ही, दूर कहीं निकल जाया करो
बस मेरे होकरसिर्फ मेरे हो कर
सब भुला कर कुछ पल यूं ही
सिर्फ मेरे हो जाया करो
नहीं, तो हां, एक दिन मैं तुम्हें बहुत याद आऊंगी।



कोमल अरोड़ा
कवियित्री

# रुक गई है बालों की ग्रोथ तो करें ये योगासन

आजकल की बदलती जीवनशैली, खानपान की आदतों, बढ़ते प्रदूषण और धूल-मिट्टी के कारण बालों की तमाम समस्याएँ होने लगती हैं। आज के समय में हर कोई बालों की किसी ना किसी समस्या से जूझ रहा है। लेकिन बालों के झड़ने की समस्या से अधिकतर लोग परेशान हैं। ऐसे में आप झड़ते बालों की समस्या को दूर करने के लिए योग की मदद ले सकते हैं। आज के इस लेख में हम आपको ऐसे योगासन बताने जा रहे हैं जिनकी मदद से आपके बालों का झड़ना रुक जाएगा और हेयर ग्रोथ भी अच्छी होगी-



### बालासन

इस आसान को करने के लिए सबसे पहले ज़मीन पर घुटनों के बल बैठ जाएं। ध्यान रखें कि आपके घुटने आपस में सटे हुए और पैर नितम्बों के ऊपर टिके हुए हों। अब शरीर को आगे की ओर झुकाते हुए, धीरे-धीरे सिर ज़मीन से लगाएं। अब दोनों हाथों को सिर से लगाते हुए आगे की ओर सीधा रखें और हथेलियों को ज़मीन से लगाएं। इस आसान को 4-5 बार दोहराएँ।

### उष्ट्रासन

इस आसन में ऊंट की मुद्रा बनाई जाती है और शरीर को पीछे की तरफ झुकाया जाता है। इस आसान को करने के लिए जमीन पर घुटने के बल बैठ जाएं और दोनों हाथों को कूल्हों पर रखें। ध्यान रखें कि आपके घुटने कंधों के समानांतर हों और पैरों के तलवे छत की तरफ हों। अब सांस को अंदर लें और रीढ़ की निचली हड्डी को आगे की तरफ जाने का दबाव डालें। इस दौरान पूरा दबाव नाभि पर महसूस होना चाहिए।

### पवनमुक्तासन

इस आसन को करने के लिए आपको सबसे पहले पीठ के बल लेट जाएं और हाथ-पैर को सीधा फैलाना है। इसके बाद आप अपने शरीर को फ्री छोड़ दीजिए। फिर सांस लेते हुए धीरे-धीरे घुटनों को फोल्ड करे और हाथों की मदद से अपनी छाती तक लाएं। इसके बाद लेटे हुए ही आपको अपना सिर उठाना है और अपने सिर को घुटनों पर लगाने की कोशिश करे। ऐसा आप जितनी समय कर सके करे और तीन या चार बार दोहराए।

### वज्रासन

इस आसन को करने के लिए आपको दोनों पैरों को घुटनों से मोड़कर एडियो पर बैठ जाना है। आपके दोनों अंगूठे परस्पर लगे रहने चाहिए। आपकी कमर बिल्कुल सीधी रहने चाहिए और दोनों हाथ को कुहनियों से मोड़े बिना घुटनों पर रखना है। आपको अपनी हथेलियाँ नीचे की ओर रहें। दृष्टि सामने स्थिर रखना होगा। आप इस आसन को पाँच मिनट से लेकर आधे घण्टे तक कर सकते है।

### अधोमुख श्वानासन

इस योग को करने के लिए आपको पेट के बल लेट जाना है। इसके बाद सांस को बाहर निकालते हुए धीरे-धीरे हिप्स को ऊपर की तरफ उठाएं। इस आसन के अभ्यास के दौरान आपको अपने कंधे और हाथ एक सीध में रखना है।

# लगातार हार का रिकार्ड बनाने के बावजूद कोच को है टीम पर भरोसा




मुंबई / यूटर्न: मुंबई इंडियंस, सीजन के 7 मैच खेल चुकी है और अब भी अपने पहले जीत के लिए तरस रही है। लगातार 7 शुरुआती हार झेलने के बावजूद मुंबई के कोच को भरोसा है कि टीम अब भी वापसी करने में सक्षम है। टीम को आखिरी हार चेन्नई के हाथों मिली थी जहां धौनी ने आखिरी ओवर में 17 रन बनाकर अपनी टीम को रोमांचक जीत दिलाई। मैच के बाद मुंबई के कोच ने कहा आपको अपनी क्षमता पहचानने की जरुरत है। ये वो लड़के हैं जिनके पास ढेरों आइपीएल गेम खेलने का अनुभव और उन्हें पता है कि क्या करने की जरुरत है? उन्होंने कहा कि टीम वापसी करने में अब भी सक्षम है। उन्होंने इशान और रोहित की बल्लेबाजी पर अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि शुरुआत में इशान ने अच्छी बल्लेबाजी की लेकिन उसके बाद उनके प्रदर्शन में थोड़ी गिरावट आई। रोहित शर्मा ने 15-20 रनों की अच्छी शुरुआत तो की लेकिन उसे बड़े स्कोर में बदल नहीं सके। हालांकि चेन्नई के खिलाफ मैच में दोनों शून्य के स्कोर पर आउट हुए थे।

चेन्नई के खिलाफ मुंबई तीन बदलावों के साथ उतरी थी। इसको लेकर जब कोच से सवाल पूछा गया तो उन्होंने युवा ऋतिक शौकीन की तारीफ की। उन्होंने कहा कि ये इस बात पर निर्भर करता है कि आप अपने विपक्षी टीम और अलग कंडीशन के अनुसार कैसे खेलते हैं? उन्होंने कहा हमारे पास युवा खिलाड़ियों का ग्रुप है जिसके कारण हम उन्हें लगातार मौका दे रहे हैं। शौकीन आज बहुत अच्छे दिखे और उन्होंने अच्छी गेंदबाजी की। हम बस कुछ मौके बनाना चाहते हैं। मैच की बात करें तो मुंबई ने तिलक वर्मा के 43 गेंदों पर 51 रन की पारी के दम पर 155 रन बनाए थे जिसके जवाब में चेन्नई की टीम ड्वेन प्रिटोरियस के 14 गेंदों पर 22 रन और महेंद्र सिंह धौनी के 13 गेंदों पर 28 रन की पारी के दम पर रोमांचक मुकाबला जीतने में कामयाब रही। इस हार के साथ इस सीजन में मुंबई की प्लेआफ में पहुंचने की उम्मीदें खत्म हो गई है।


# धोनी की पारी पर जडेजा फिदा: कैप उतारकर दिया सम्मान




मुंबई। IPL में खेले गए मुंबई और चेन्नई के बीच का मैच बेहद रोमांचक रहा। आखिरी ओवर में CSK को जीत के लिए 17 रनों की जरूरत थी। लास्ट बॉल तक चले इस मैच में CSK के पूर्व कप्तान एमएस धोनी ने अंतिम गेंद पर चौका लगाकर जीत दिलाई। यह मैच चेन्नई की टीम ने 3 विकेट से जीत लिया। जीत से टीम के मौजूदा कप्तान रवींद्र जडेजा बहुत खुश नजर आए। उन्होंने धोनी को झुककर मैदान पर सलाम किया। साथ ही टीम के खिलाड़ी अंबाती रायुडू ने भी मैच के बाद धोनी का शुक्रिया अदा किया। एमएस धोनी ने इस मैच में 13 गेंदें खेल कर 28 रन बनाए। इस पारी में धोनी ने 3 चौके और 1 छक्का भी लगाया। एक समय असंभव लग रही जीत को धोनी ने आखिरी की 4 गेंद में 16 रन बनाकर संभव कर दिखाया। धोनी ने अपना फिनिशर वाला वही रूप दिखाया, जिसके लिए वो जाने जाते है। इस जीत की खुशी में टीम के कप्तान रवींद्र जडेजा मैदान पर झुककर एमएस धोनी को सम्मान देते नजर आए। धोनी ने IPL शुरू होने से पहले इस बार रांची में काफी अभ्यास किया है और वह उनके खेल में नजर भी आ रहा है।

इस सीजन के पहले ही मैच में धोनी ने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 38 गेंदों में नाबाद 50 रन बनाए थे। IPL 2022 की 6 पारियों में उन्होंने 60 की औसत से 120 रन बनाए हैं।

इस दौरान वह 4 बार नॉट-आउट भी रहे। चेन्नई की 7 मैचों में ये दूसरी जीत है। टीम को 5 मैचों में हार का सामना करना पड़ा है। फिलहाल पॉइंट्स टेबल पर CSK 4 अंकों के साथ 9वें पायदान पर मौजूद है।



# हीरोपंती 2 के लिए टाइगर श्रॉफ ने किए मुश्किल स्टंट

टाइगर श्रॉफ बॉलीवुड के उन एक्टर्स में शुमार हैं, जो न सिर्फ अपने अभिनय और डांस से अपने दर्शकों का ध्यान अपनी तरफ खींचते हैं, बल्कि फिल्मों में खुद के स्टंट भी करते हैं। टाइगर श्रॉफ को मार्शल आर्ट्स में योग्यता प्राप्त है। बागी, बागी 2 और हीरोपंती जैसी कई फिल्मों में दमदार एक्शन से हर किसी का दिल जीत चुके टाइगर अब एक बार फिर से साजिद नाडियाडवाला की फिल्म 'हीरोपंती' में अपना दमदार एक्शन दिखाएंगे। हाल ही में टाइगर ने सबसे ज्यादा मुश्किल स्टंट के बारे में बात की। इस फिल्म के टाइगर ने अपने एक्शन का लेवल और भी ज्यादा बढ़ा दिया है। टाइगर ने फिल्म के एक्शन सीक्वेंस के बारे में अपना अनुभव शेयर करते हुए कहा, 'धूल से गर्मी तक, जब हम शूटिंग कर रहे थे तो मेरे शरीर पर सब कुछ था, यह शुरुआत में मेरे लिए असहज था। कई कठिनाइयां आई, लेकिन अंतत हमें एक अच्छा शॉर्ट मिल ही गया। मैं अपने इस शॉर्ट से बहुत ही खुश हूं क्योंकि मैंने इससे पहले कभी ऐसा कुछ नहीं किया है। टाइगर श्रॉफ ने आगे अपने स्टंट्स पर खुलासा करते हुए बताया, 'सतह बहुत फिसलन भरी थी, ट्रेन चल रही थी और मुझे हीरो की तरह पोज देना था।



# कपिल के शो में पहुंची तारा

कपिल शर्मा के शो में तारा सुतारिया अपने को स्टार टाइगर श्रॉफ के साथ हीरोपंती 2 को प्रमोट करने पहुंची थीं। इस दौरान उन्होंने व्हाइट कलर की हाई स्लिट स्कर्ट और टॉप पहना था। इस आउटफिट में तारा किसी डिज्नी प्रिंसेस से कम नहीं लग रही थीं। उन्होंने पतला सा नेकपीस पहना था और बालों को खुला छोड़ा हुआ था। एक्ट्रेस तारा सुतरिया ने बहुत कम समय में बॉलीवुड में अपनी अलग पहचान बनाई है। तारा बॉलीवुड की सबसे खूबसूरत और स्टाइलिश एक्ट्रेसेस में से एक हैं। एक्ट्रेस की अपकमिंग फिल्म हीरोपंती 2 जल्द ही रिलीज होने वाली है। इन दिनों तारा अपनी अगली फिल्म के प्रमोशन में बिजी हैं। ऐसे में एक्ट्रेस अपनी फिल्म को प्रमोट करने के लिए कपिल शर्मा के शो पहुंची थीं। इस दौरान तारा इतनी खूबसूरत लग रही थीं कि नजरें हटाना मुश्किल है। कपिल शर्मा के शो में तारा सुतारिया अपने को स्टार टाइगर श्रॉफ के साथ हीरोपंती 2 को प्रमोट करने पहुंची थीं। इस दौरान उन्होंने व्हाइट कलर की हाई स्लिट स्कर्ट और टॉप पहना था। इस आउटफिट में तारा किसी डिज्नी प्रिंसेस से कम नहीं लग रही थीं। उन्होंने पतला सा नेकपीस पहना था और बालों को खुला छोड़ा हुआ था। तारा ने इस आउटफिट के साथ जूती पहनी हुई थी। लाइट मेकअप और न्यूड लिप्स के साथ तारा बेहद खूबसूरत दिख रही थीं। तारा और टाइगर ने मीडिया के कैमरे के सामने कई पोज़ दिए। आपको बता दें कि इससे पहलेतारा और टाइगर साल 2019 में स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2 में भी साथ नजर आ चुके हैं। दोनों अपनी अगली फिल्म को लेकर काफी एक्साइटेड हैं। हीरोपंती 2 का निर्देशन अहमद खान द्वारा किया गया है। फिल्म ईद के मौके पर 29 अप्रैल 2022 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।



# फ्लोरा ने शेयर की हॉट तस्वीरें

सीरीज 'गंदी बात 2' में हद से ज्यादा बोल्डनेस का तड़का लगाने के बाद अभिनेत्री फ्लोरा सैनी सोशल मीडिया पर कहर बरपा रही हैं। फ्लोरा सैनी अपने बोल्ड अंदाज से हमेशा सुर्खियां बटोरती रहती हैं। इन दिनों भी वह अपनी एक बेहद ही हॉट तस्वीर की वजह सुर्खियों में बनी हुई हैं। अभिनेत्री की यह तस्वीर सोशल मीडिया पर धड़ल्ले से वायरल हो रही हैं और इसे देखने वालों के पसीने छूट गए हैं। अपनी इस बिना कपड़ो की तस्वीर के साथ उन्होंने अपने करियर के शुरूआती दिनों में अपने संघर्ष के बारे में भी पोस्ट लिखा। अपने इस पोस्ट में फ़्लोरा ने यह भी बताया कि वह पीसीओएस से पीड़ित थी जिसकी वजह से वह अपना वजन कम नहीं कर पा रही थी और बढे वजन की वजह से उन्हें कितनी बार सेट पर जलील होना पड़ा था। इसके अलावा अभिनेत्री ने यह भी बताया कि इतने सालों के संघर्ष के बाद उन्होंने खुद से प्यार करना सीख लिया है। इसके अलावा अभिनेत्री की इस पोस्ट को पढ़ने के बाद लोग उनकी जमकर तारीफ कर रहे हैं। तेलुगु फिल्म प्रेमा कोसम से अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत करने वाली फ्लोरा सैनी ने साल 2002 में फिल्म 'भारत भाग्य विधाता' से बॉलीवुड में कदम रखा था।

खुद बोलती तस्वीर



आर्टिस्ट श्रेया शर्मा का बॉलपैन वर्क...

# 2022 के आखिरी तक पूरा होगा भारत-यूके ट्रेड एग्रीमेंट

## इंडिया स्पेसिफिक ओपन जनरल एक्सपोर्ट लाइसेंस का भी ऐलान

नई दिल्ली / यूटर्नः भारत और यूके के बीच दिसंबर तक फ्री ट्रेड एग्रीमेंट पूरा हो सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को यूके के PM बोरिस जॉनसन के साथ जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'हमने इस साल के अंत तक FTA को पूरा करने का फैसला लिया है। पिछले कुछ महीने में भारत ने UAE और ऑस्ट्रेलिया के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट को पूरा किया है। उसी गति और कमिटमेंट के साथ हम UK के साथ भी FTA पर आगे बढ़ेंगे। पीएम मोदी ने यूके को भारत के नेशनल हाइड्रोजन मिशन में शामिल होने के लिए भी आमंत्रित किया। पीएम ने कहा, 'आज हमने अपनी क्लाइमेंट और एनर्जी पार्टनरशिप को और ज्यादा गहरा करने का निर्णय लिया है। हम UK को भारत के नेशनल हाइड्रोजन मिशन में शामिल होने के लिए आमंत्रित करते हैं। उन्होंने कहा, 'आज हमारे बीच ग्लोबल इनोवेशन



पार्टनरशिप के इम्प्लीमेंटेशन अरेंजमेंट का समापन एक बहुत महत्त्वपूर्ण पहल साबित होगी। इसके तहत तीसरे देशों में मेड इन इंडिया इनोवेशन के ट्रांसफर और स्केलिंग अब के लिए भारत और UK 100 मिलियन डॉलर तक को-फाइनेंस करेंगे। उधर, यूके पीएम बोरिस जॉनसन ने डिफेंस प्रोक्योरमेंट के लिए यूके ने इंडिया स्पेसिफिक ओपन जनरल एक्सपोर्ट लाइसेंस का ऐलान किया है। इससे ब्यूरोक्रेसी कम होगी और डिलीवरी का समय भी कम होगा। भारत और रूस के बीच ट्रेड के पेमेंट ऑप्शन पर चर्चा के लिए बुधवार को भारतीय रिजर्व बैंकऔर रूसी केंद्रीय बैंक के अधिकारियों ने मुंबई के एक होटल में मुलाकात की। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में ये दावा किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक मीटिंग में रुपए और रूबल में पेमेंट पर भी विचार किया गया है। 24 फरवरी को रूस के यूक्रेन पर आक्रामण करने के बाद दोनों केंद्रीय बैंकों के बीच यह पहली बैठक थी। अधिकारियों ने दोनों देशों में निर्यातकों और आयातकों के सामने आने वाले टेक्निकल चैलेंजेज का असेसमेंट किया।

# अलवर में शिव मंदिर पर चला बुलडोजर

अलवर / यूटर्नः राजस्थान सरकार ने अलवर में करीब 300 साल पुराने मंदिर को ढहा दिया है। जानकारी के अनुसार इस दौरान कई मूर्तियां विखंडित हो गई है। यहां के स्थानीय लोगों ने यह आरोप लगाया है कि विकास के नाम पर मंदिर को तोड़ा गया है। ब्रज भूमि कल्याण परिषद ने भी राजस्थान के अलवर में तीन मंदिर तोड़े जाने का आरोप लगाया है। जिसके बाद कांग्रेस विधायक सहित तीन के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई है। मंदिर के पुजारी और ब्रजभूमि विकास परिषद ने राजगढ़ थाने में कांग्रेस विधायक जौहरी लाल मीणा और एसडीएम समेत तीन लोगों के खिलाफ 'प्रशासन के सहयोग से मंदिर गिराने' का मामला दर्ज कराया है, शिकायत में आरोप लगाया गया है कि 300 सौ साल पुराने एक मंदिर को बुलडोजर तोड़ा गया लेकिन उसके गुंबद को गिरा



दिया गया और शिवलिंग को कटर से नष्ट कर दिया गया था। वहीं, अलवर के राजगढ़ में तीन मंदिरों को गिराने का मामला सामने आने के बाद भाजपा के लोग कांग्रेस पार्टी पर हमलावर हो गई है। अलवर के ही सराय मोहल्ला स्थित इस पुराने मंदिर को गिराए जाने से भड़के भाजपा नेता अमित मालवीय ने कांग्रेस से पूछा कि क्या यही सेक्यूलरिज्म है। भाजपा के अमित मालवीय ने अपने ट्वीटर पर लिखा है कि राजस्थान के अलवर में विकास के नाम पर तोड़ा गया 300 साल पुराना शिव मंदिर... करौली और जहांगीरपुरी पर आंसू बहाना और हिन्दुओं की आस्था को ठेस पहुंचाना, यही कांग्रेस का सेक्यूलरिज्म है। मालूम हो कि भाजपा के आईटी सेल के चीफ अमित मालवीय ने इस मामले में कांग्रेस को घेरते हुए कहा है कि कांग्रेस का सेक्युलरिजम यही है। जानकारी के अनुसार अलवर के राजगढ़ के शिव मंदिर को तोड़ा गया है। मास्टर प्लान के तहत मेला का चौराहा के मध्य मार्ग में बाधा बने दुकानों और मकानों को ध्वस्त करने को लेकर बुलडोजर चलाया गया। मंदिर तोड़े जाने की वीडियो और तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। इसी क्रम में मंदिर को अतिक्रमण बताकर प्रशासन की टीम बुलडोजर के साथ पहुंची और उन्होंने मंदिर के गुंबज को तोड़ दिया।

# कर्नाटक में हिजाब पहनकर पहुंची 2 छात्राओं को परीक्षा देने से रोका

उडुपी / यूटर्नः कर्नाटक के उडुपी में दो छात्राओं को हिजाब पहनकर परीक्षा देने से रोक दिया गया। इसके बाद दोनों को कॉलेज से घर भेज दिया गया। दरअसल, इन छात्राओं ने हिजाब पर बैन के खिलाफ अर्जी दाखिल की थी। अर्जी में छात्राओं ने हिजाब पहनकर परीक्षा देने की मांग की थी। शुक्रवार को दोनों छात्राओं ने उडुपी के विद्योदय पीयू कॉलेज में एग्जाम देने के लिए अपना हॉल टिकट लिया और हिजाब पहनकर परीक्षा देने पहुंच गई। दोनों ने काफी देर तक कॉलेज के प्रिंसिपल और स्टाफ से अनुरोध किया, लेकिन स्कूल ने हाईकोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए इनकार कर दिया। इसके बाद दोनों छात्राएं घर लौट गई। हिजाब पहनकर



परीक्षा देने से रोकी गई इन दो छात्राओं में से एक ने हाईकोर्ट के हिजाब बैन के फैसले के खिलाफ सीएम बसवराज बोम्मई से अपील भी की है। छात्रा ने कहा- आपके पास अभी भी हमारे भविष्य को बर्बाद होने से रोकने का मौका है। हिजाब पर प्रतिबंध से कई छात्राएं प्रभावित होंगी, जो इस महीने के अंत में होने वाली प्री यूनिवर्सिटी परीक्षा में शामिल होना चाहती हैं। कर्नाटक हाईकोर्ट के फैसले से निराश होने के बाद कुछ छात्राओं ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। बता दें कि कर्नाटक सरकार ने 5 फरवरी को स्कूल-कॉलेज में हिजाब पहनने पर रोक लगा दी थी। इसके खिलाफ राज्य के कई शहरों में प्रदर्शन भी हुए थे।

# इमरान खान ने रैली के दौरान बांधे भारत की तारीफों के पुल

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने एक बार फिर भारत की तारीफ के पुल बांधे हैं। रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध को लेकर पश्चिमी देशों ने रूस पर कई प्रतिबंध लगाए है। लेकिन भारत ने रूस से तेल का आयात जारी रखा है। जिसको लेकर इमरान खान ने कहा कि भारत ने यह फैसला देश के लोगों की बेहतरी के लिए किया है। लाहौर में एक जनसभा में बोलते हुए, इमरान खान ने कहा कि 'भारत, अमेरिका का रणनीतिक साझेदार है, लेकिन वो रूस से तेल आयात कर रहा है। भारत ने साफ कहा है कि उसका फैसला उनके लोगों की बेहतरी पर आधारित है। लेकिन हमारी विदेश नीति के लिए है अन्य लोगों का हित जरूरी है।' इससे पहले मार्च के महीने में भी इमरान खान ने माना था कि भारत की विदेश नीति



स्वतंत्र है और लोगों की भलाई के लिए है। खैबर पख्तूनख्वा में रैली के दौरान, इमरान खान ने कहा कि 'वो अपने पड़ोसी देश की प्रशंसा करते हैं, क्योंकि भारत हमेशा एक स्वतंत्र विदेश नीति का पक्षकार रहा है। इमरान ने कहा कि आज भारत अमेरिकी गठबंधन में है और वो क्वाड देशों का हिस्सा हैं। आज भारत प्रतिबंधों के बावजूद रूस से तेल आयात कर रहा है, क्योंकि उनकी नीति लोगों की भलाई के लिए है।


# कार की पुल से टक्कर के बाद एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत

राजनांदगांव / यूटर्नः छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव में भीषण सड़क हादसा हुआ है। इस हादसे में एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत हो गई है। मृतकों में तीन बच्चे भी शामिल हैं। सभी की मौत आग में झुलसने से हुई है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस अधिकारियों ने हादसे की जानकारी दी है। पुलिस ने बताया कि ये हादसा राजनांदगांव-खैरगढ़ रोड़ पर सिंगारपुर गांव में गणेश मंदिर के पास गुरुवार रात को हुआ है। दरअसल, एक कार की पुलिस से टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार में भीषण आग लग गई। कार में सवार सभी पांच लोग बाहर नहीं निकल पाए और झुलसने से उनकी मौत हो गई। हादसे की जानकारी फौरन पुलिस को दी गई। सब डिविजनल पुलिस अधिकारी (एसडीओपी) फौरन हादसे वाली जगह पर पहुंच गए थे।



# अटैच की जाएंगी 63 मून्स टेक्नोलाजीज की प्रापर्टी

नई दिल्ली / यूटर्नः सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को बांबे हाई कोर्ट के आदेश को एक ओर करते हुए महाराष्ट्र सरकार के निर्देश को बरकरार रखा जिसमें 63 मून्स टेक्नोलाजीज की संपत्तियों को अटैच करने का निर्देश दिया गया था। राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) ने इस साल जनवरी में 63 मून्स टेक्नोलाजीज की याचिका पर अपने फैसले में पीरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस लि. के ऋण शोधन समाधान को मंजूरी देते हुए दीवान हाउसिंग फाइनेंस कारपोरेशन लि. (डीएचएफएल) के कर्जदाताओं को वित्तीय कंपनी के टाले जाने वाले लेनदेन के मूल्यांकन पर फिर से विचार करने को कहा था। अपीलीय



न्यायाधिकरण ने अपने फैसले में ऋणदाताओं को बिक्री की शर्तों पर पुनर्विचार करने के लिए कहा था, जिसमें पीरामल को 45,000 करोड़ रुपये मूल्य के पिछले लेनदेन से संभावित वसूली की अनुमति दी गई थी। 63 मून्स के पास डीएचएफएल द्वारा जारी 200 करोड़ रुपये से अधिक के गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर (एनसीडी) हैं। उसने एनसीएलएटी के फैसले को इस आधार पर चुनौती दी थी कि वर्तमान समाधान योजना एनसीडी धारकों के लिए निराशाजनक है। इसने पीरामल के खिलाफ एनसीएलएटी में एक याचिका दायर कर डीएचएफएल मामले में एक रुपये की कीमत 40,000 करोड़ रुपये की वसूली योग्य संपत्ति बताई थी।

Owner, Publisher, Printer: Komal Sharma, Printed by: BBF Industries Limited, VPO Bhamiia Kalan, Tajpur Road, Ludhiana PB-141011, Published by : House No. 68, New Sarabha Nagar, VPO, Dad. Ludhiana PB-142022, Chief Editor: Sandeep Sharma